तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 1 मार्च 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

6
उद्योग मंत्री ने दी एमपी व शिवाजीनगर में 14 करोड़ के अंडरग्राउंड सीवरेज लाइन की सौगात



## खबर संक्षेप

### सर्वमंगला मां के दर्शन कर पूर्व मंत्री आज मनाएंगे जन्मदिन

**कोरबा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सर्वमंगला मां के दर्शन से जन्मदिन मनाने की शुरूआत करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए उनके निज सचिव ने बताया कि 1 मार्च को प्रातः 9.15 बजे अपने दर्री रोड स्वर्ण सिटी निवास से मां सर्वमंगला मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां मां सर्वमंगला माता के दर्शन एवं पूजा पाठ करेंगे और वृद्धाआश्रम में वृद्धजनों से मुलाकात कर आशीर्वाद लेंगे। तत्पश्चात 10 बजे मुड़ापार स्थित काली मंदिर पहुंचकर काली मां के दर्शन एवं पूजा अर्चना करेंगे। उसके बाद 10.30 बजे से पूरे दिन दर्री रोड स्थित स्वर्ण सिटी निवास पर भेंट मुलाकात करेंगे।

### केएन कालेज की निकिता ने एमए अंग्रेजी में हासिल किया अव्वल स्थान

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के द्वारा बीते दिनों अंतिम सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए गए। जिसके तहत शहर के कमला नेहरू महाविद्यालय में अध्ययनरत होनहार छात्र-छात्राओं ने परिणाम में बेहतर प्रदर्शन किया है। कमला नेहरू महाविद्यालय में अध्यनरत निकिता सिंह राजपूत ने मास्टर आफ आर्ट्स अंग्रेजी में अव्वल स्थान दर्ज कर न केवल महाविद्यालय और विश्वविद्यालय बल्कि कोरबा शहर सहित प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। मास्टर आफ आर्ट्स अंग्रेजी में निकिता सिंह राजपूत ने जहां प्रथम स्थान अर्जित किया है। वहीं अटल बिहारी विश्वविद्यालय के द्वारा जारी मेरिट सूची में सातवां स्थान अर्जित कर महाविद्यालय और कोरबा का मान बढ़ाया है।

### मानिकपुर चौकी क्षेत्र के मुड़ापार बाईपास मार्ग में हुआ हादसा

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत



दुर्घटनाकारित ट्रेलर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वीडियोग्राफी का काम करने वाला एक 22 वर्षीय युवक अपना काम निपटाकर देर रात मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर जा रहा था कि मुड़ापार बाईपास मार्ग पर पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक के द्वारा तेजी व लापरवाहीपूर्वक पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। देर रात घटना की सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस घटना स्थल पहुंची और युवक को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्रशिक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाईन रामपुर क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी में निवासरत गौरव श्रीवास 23 वर्ष पिता रमाशंकर श्रीवास वीडियोग्राफी का काम करता था और शुक्रवार की देर शाम वह अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 डीजे 3027 में सवार होकर वीडियोग्राफी के काम के सिलसिले से मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुड़ापार गया हुआ था जहां देर रात लगभग 12 बजे मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर जा रहा था कि मुड़ापार बाईपास मार्ग पहुंचा था कि सामने से आ रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एंटी 6377 की चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिसे गौरव श्रीवास के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर दल बल सहित मौके पर पहुंचे और जीवित होने की उम्मीद से गौरव श्रीवास को उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षणों परंतु से गौरव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

**खास बातें**

- मुड़ापार से वीडियोग्राफी कर वापस लौट रहा था युवक
- अस्पताल में परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

### बरमपुर मोड़ पर कोयला लोड ट्रेलर पलटा, चालक घायल



कुसमुंडा से कोयला लोड लेकर कोरबा की ओर आ रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर बीच सडक़ में पलट गया। जिससे ट्रक में लदा कोयला सडक़ में बिखर गया। प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के अनुसार कोरबा कुसमुंडा रोड अंतर्गत बरमपुर मोड पर आज तडक़े कोयला लोड ट्रेलर सीजी11एक्यू 7303 अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रेलर कुसमुंडा की ओर से कोरबा जा रही थी तभी यह हादसा हुआ। हादसे के बाद ट्रेलर में लदा कोयला सडक़ पर बिखर गया वहीं हादसे में चालक को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त ये हादसा हुआ सडक़ पर लोगों की आवाजाही नहीं थी, अन्यथा बड़ी अनहोनी हो सकती थी। कोरबा कुसमुंडा मार्ग अंतर्गत बनने वाले फोर लेन का काम अभी तक अधूरा है, बरमपुर मोड के पास ही नहर पर पुल बनना था जो अटका पड़ा हुआ है, वहीं जहां पर हादसा हुआ है वहां डिवाइडर भी काफी दूर से बना हुआ है। मोड पर सडक़ मैदान नुमा है,यहां वाहन मोडऩे के दौरान अक्सर छोटे बड़े हादसे होते रहते है। बरमपुर मोड के अलावा डंफर पुल, खम्हरिया मोड, शिवमन्दिर चौक के पास भी हादसे होते है।

# देर रात बस्तीवासियों ने सड़क किया जाम, 6 घंटे बाद समाप्त हुआ चक्काजाम



चक्काजाम करते आक्रोशित बस्तीवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जेसीबी वाहन से समतलीकरण कार्य के दौरान एक दीवाल भर भराकर गिर गई थी जिससे एक मासूम की मौत हो गई थी जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे। घटना के बाद देर रात को बस्तीवासियों का आक्रोश फूट पड़ा था और बस्तीवासियों ने ओवरब्रिज के नीचे मुख्यमार्ग पर चक्काजाम कर दिया था। लगभग 6 घंटे तक चक्काजाम व हंगामे का दौर जारी रहा। देर रात को प्रशासन व पुलिस के समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस ने इस मामले में जेसीबी चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत संजयनगर लक्ष्मणबंद तालाब के समीप शुक्रवार की देर शाम लगभग 7:30 बजे एक निर्माणाधीन स्थल में जेसीबी चालक द्वारा मिट्टी कटिंग का काम किया जा रहा था जहां दबाव पड़ने की वजह से दीवाल का एक बड़ा हिस्सा गिर गया था। जिसकी चपेट में आने से लक्ष्मणबंद तालाब निवासी धनेश कर्ष 2 वर्ष पिता मुकेश कर्ष की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि सोनू कर्ष 20 वर्ष पिता संतोष कर्ष व विशाल यादव 18 वर्ष पिता सोनू यादव गंभीर रुप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद देर रात बस्तीवासियों का आक्रोश फूट पड़ा था और लोगों ने कोतवाली के ठीक सामने स्थित मुख्यमार्ग पर अपने विभिन्न मांगों को लेकर चक्काजाम कर दिया था और घंटों हंगामा चलता रहा। देर रात लगभग 3 बजे प्रशासन व पुलिस की समझाइश पर स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और चक्काजाम समाप्त किया गया। पुलिस ने मामले में जेसीबी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं जमीन मालिक द्वारा मृतक धनेश के परिजनों को आर्थिक सहायता की राशि प्रदान की गई है। साथ ही घायलों को समुचित इलाज कराने की समझाइश पर चक्काजाम समाप्त हुआ।

**खास बात**

- कोतवाली थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन स्थल पर गिरा था दीवाल, एक की मौत तो दो हुए थे घायल



## खबर संक्षेप

### वेल विशर फाउंडेशन ने महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदान किया सिलाई मशीन



**अकलतरा।** वेल विशर फाउंडेशन के स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में संस्था की कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह द्वारा स्वर्गीय बूटन सिंह चौहान की स्मृति में तरौद निवासी श्रीमती संतोषी सिंह को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन प्रदान की गई। इस अवसर पर श्रीमती रंजना सिंह ने बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष अपने स्थापना दिवस पर आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सिलाई मशीन प्रदान करती है, ताकि वे सिलाई-कढ़ाई का कार्य कर अपने जीवन-यापन के लिए आय अर्जित कर सकें। संस्था के सदस्य श्रीपाल सिंह ने कहा कि वेल विशर फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर अनेक सामाजिक कार्य किए जाते हैं, जिनमें महिला सशक्तिकरण प्रमुख है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी सिलाई मशीन प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि अब तक संस्था द्वारा हर साल महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीनें वितरित की जाती है। इस कार्यक्रम में संस्था के सचिव चिराग शर्मा एवं सदस्य सतीश मानिकपुरी उपस्थित रहे।

### रजिस्ट्री और स्टांप ड्यूटी दरों में कटौती का चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया स्वागत



**जांजगीर- नैला।** भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा राज्य में रजिस्ट्री की दरों और स्टांप ड्यूटी में की गई भारी कटौती के निर्णय का छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने स्वागत किया है। पूर्व में बढ़ाई गई दरों को वापस लेकर जनता और व्यापारी वर्ग को राहत देने के इस ऐतिहासिक कदम के लिए चैंबर की ओर से राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि सरकार के इस जनहितैषी फैसले से बाजार में निवेश की वापसी होगी और रियल एस्टेट सेक्टर में फिर से तेजी आएगी। दरों में कमी आने से बाजार में रुका हुआ बड़ा फंड निवेश के रूप में वापस आएगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियों में निरंतर प्रगति सुनिश्चित होगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्री दरों में कटौती होने से जमीन और संपत्तियों के लेन-देन में सुगमता आएगी, जिससे आम आदमी पर पड़ने वाला अतिरिक्त आर्थिक बोझ काफी हद तक कम होगा। बढ़ी हुई दरों के कारण जो जमीन के सौदे रुके हुए थे, वे अब तेजी से पूरे हो सकेंगे। इसका सीधा लाभ किसानों, व्यापारियों और आम जनता को मिलेगा। चैंबर का मानना है कि इस नीतिगत सुधार से न केवल मध्यम वर्ग को घर और जमीन खरीदने में आसानी होगी, बल्कि बाजार में लिक्विडिटी बढ़ेगी, जिससे व्यापारिक जगत में उत्साह का संचार होगा।चैंबर ने विश्वास व्यक्त किया है कि इस निर्णय से हर वर्ग को राहत मिलेगी और प्रदेश का राजस्व भी बढ़ेगा।

### जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित, रफीक सिद्दिकी बने उपाध्यक्ष



**जांजगीर-चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल द्वारा तैयार सूची को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अनुमोदित किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासन) मलकीत सिंह गैदू के हस्ताक्षर से आदेश जारी किया गया। घोषित कार्यकारिणी में जिले भर से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में जांजगीर-चांपा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रफीक सिद्धिकी को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति को संगठन में सक्रिय भूमिका और लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। नियुक्ति के बाद रफीक सिद्धिकी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

## कोरबा मार्केट




## होली पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर

# हुड़दंग किया तो होगा एक्शन, लाउड इनहेलर से दी जा रही चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली त्यौहार नजदीक है। इसके मद्देनजर अलग-अलग स्तर पर शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन कोशिश कर रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में लाउड इनहेलर के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाने का जतन पुलिस कर रही है कि व्यवस्था को ठीकठाक रखे। अन्य स्थिति में कार्यवाही होगी।

शारदा विहार रेलवे क्रासिंग से आसपास के हिस्सों में दबाव लगातार बढ़ रहा है। इस वजह से समस्याएं हो रही है। तमाम तरह की चुनौतियों के बीच जनजीवन का संचालन हो और लोगों को कुछ हद तक राहत मिले, इसका ख्याल रखा जाना है। एडीशनल एसपी लखन पटले और नितिश ठाकुर के निर्देशन में ट्रैफिक की टीम ने आवागमन व्यवस्था को सुचारू बनाने पर ध्यान दिया है। सउनि मनोज राठौर ने बताया कि लाउड इनहेलर का उपयोग करते हुए लोगों को सचेत किया जा रहा है। हमारा ध्यान दुपहिया पर तीन सवारी चलने से लेकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर है। अग्रिम रूप से ऐसे लोगों को चेतावनी दी जा रही है। उन्होंने बेमतलब की हरकतें की तो उनकी गाडियां जप्त होंगी और लंबी पेनाल्टी भी होगी। बताया गया कि अधिकारियों के निर्देश पर विभिन्न क्षेत्रों में चालकों के मनमाने रवैये पर गाडियों को लॉक करने की कार्यवाही की जा रही है।



वाहनों की जांच करते यातायात के जवान।

### एल्कोमीटर के साथ लॉक करने की कार्रवाई

होलिका दहन और रंगोत्सव से ठीक पहले जिले में ट्रैफिक पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी है। अधिकारियों के निर्देश पर विभिन्न क्षेत्रों में वाहन चालकों की जांच पड़ताल की जा रही है। एल्कोमीटर से यह पता करने का प्रयास हो रहा है कि कहीं कोई नशे की स्थिति पर गाड़ी तो नहीं चला रहा है। बताया गया कि स्पीडोमीटर और इंटरसेप्टर के माध्यम से भी विभिन्न क्षेत्रों में जांच पड़ताल का काम होली और उसके बाद भी जारी रहेगा।

### कुसमुंडा थाने में होली पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कुसमुंडा थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पांडेय ने किया। बैठक में उन्होंने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है। इसे शांति एवं सद्भाव के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जबरन रंग लगाने, तेज आवाज में डीजे बजाने, अश्लील गाने बजाने, डीजे पर भड़काऊ गीत चलाने तथा शराब के नशे में हुड़दंग करने, शराब पीकर वाहन चलाने, वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ साथ रमजान के पावन महीने को देखते हुए उनके भी पर्व का सम्मान करते हुए सौहाद्र पूर्ण वातावरण में होली त्यौहार मनाने की अपील की गई। दुकानदारों को मुखौटा बेचने पर भी पाबंदी की बात कही गई। पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से गश्ती दल सक्रिय रहेगा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जाएगी। बैठक में संतोष राठौर, आरती लखन सिंह, प्रेम कुमार साहू, तेज प्रताप सिंह, श्रवण यादव, प्यारे लाल दिवाकर, राजकुमार, नवीन कुकरेजा, सालिक दुबे, नरेंद्र साहू, रामप्रसाद, मनोज कुंडू, उमाशंकर, कुलदीप साहू, शनिदेव,शाहिद कुजूर, सफित खान राजकुमार कंवर, अमरीक सिंह, अभिनव श्रीवास, रहमान खान, जाफर खान, सुखदीप सिंह, ओम गवेल उपस्थित रहे।

## बिजनेस न्यूज

### सड़क हादसे में घायल युवक को मिला नया जीवन, एनकेएच में सफल ब्रेन सर्जरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनकेएच सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में चिकित्सकों की टीम ने एक गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल युवक का जटिल ब्रेन ऑपरेशन सफलतापूर्वक कर उसे नया जीवन दिया। करीब 40 दिन तक चले इलाज और गहन निगरानी के बाद अब युवक पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट चुका है। जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय ऋषि कुमार 16 जनवरी की शाम कसनिया ओवरब्रिज के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया था। दोपहिया वाहन से जा रहे युवक की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद वह अचेत अवस्था में था और उसे उल्टी तथा कान-नाक से रक्तस्त्राव की शिकायत थी। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे एनकेएच अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल पहुंचने पर जांच में युवक के मस्तिष्क में गंभीर चोटें पाई गईं । स्थिति अत्यंत नाजुक होने पर न्यूरोसर्जन डॉ. शिवानी के नेतृत्व में 17 जनवरी को आपातकालीन डिकम्प्रेसिव क्रेनियोटॉमी सर्जरी की गई। ऑपरेशन के दौरान मस्तिष्क में जमा लगभग 50 सीसी रक्त निकाला गया और फ्रैक्चर का उपचार किया गया। सर्जरी में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. रोहित मजूमदार एवं उनकी टीम ने सहयोग किया। ऑपरेशन के बाद मरीज को आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। उपचार के दौरान सांस लेने में दिक्कत होने पर ट्रेकियोस्टॉमी भी करनी पड़ी। लगभग 40 दिन तक गहन उपचार और निरंतर निगरानी के बाद युवक की स्थिति में सुधार हुआ और उसे वार्ड में शिफ्ट किया गया। बाद में पूरी तरह स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। परिजनों ने बताया कि एक समय उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी लेकिन डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की लगातार मेहनत और देखभाल से युवक की जान बच सकी।

# किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने का किया जा रहा कार्य : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली का पावन पर्व रंग, उमंग और आपसी भाईचारे का प्रतीक है, और इस अवसर पर किसानों के खातों में अंतर राशि का अंतरण वास्तव में उनके लिए दोहरी खुशी लेकर आया है। एक ओर जहां पूरा प्रदेश होली के उत्साह में सराबोर है, वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा किए गए वचन-पूर्ति ने किसानों के परिश्रम को सम्मान देते हुए उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने का कार्य किया है।

**खास बातें**

- किसानों को समर्थन मूल्य की अंतर राशि का किया गया भुगतान
- जिले के 43 हजार से अधिक किसानों के खातों में 2 सौ करोड़ से अधिक रुपए अंतिरत



अनुदान राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान करते उद्योग मंत्री।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने फुटबाल ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय समारोह के दौरान कही। प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को 31सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान होली पर्व से पूर्व आज उनके बैंक खातों में अंतरित किया गया। मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि जिले के कुल 43 हजार 681 किसानों के खातों में 200.81 करोड़ रुपये की अंतर राशि अंतरित की जा रही है, जो जिले के कृषकों के लिए बड़ी सौगात है। इस मौके पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में आदान सहायता राशि वितरण समारोह आयोजित किए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पश्चात अंतर राशि का भुगतान आज किसानों के खातों में पहुंच रहा है। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए, मंत्री श्री देवांगन ने स्टालों का अवलोकन कर विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति एवं हितग्राहियों को दिए जा रहे लाभों की जानकारी प्राप्त की जिनमें बीज निगम, सीएसपीडीसीएल, स्व-सहायता समूह, कोसा विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशुधन विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग एवं किसान पंजीयन से संबंधित स्टॉल शामिल थे। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को विद्युत पम्प, सहकारिता विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को केसीसी ऋण, मत्स्य विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को महाजाल 2 आइस बॉक्स 2 एवं 4 ग्रोथ प्रमोटर, रेशम विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को कोसाफल राशि के चेक, उद्यान विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को अनुदान राशि एवं प्रमाण पत्र तथा पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को डेमो चेक प्रदान कर लाभान्वित किया गया। सभी हितग्राहियों को यह सामग्री एवं प्रमाण पत्र मंत्री श्री देवांगन के करकमलों से प्रदान किए गए।

# शिवाय हॉस्पिटल में लोगों को मिलेगी अत्याधुनिक सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




छत्तीसगढ़ की ऊर्जा नगरी कोरबा में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सौ बेड की आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त स्वास्थ्य संस्था शिवाय हॉस्पिटल का 7 मार्च को अंचलवासियों के लिए किया जा रहा है। अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों, नवीनतम तकनीक एवं अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम से सुसज्जित यह अस्पताल क्षेत्र के नागरिकों को उच्चस्तरीय, सुरक्षित एवं समयबद्ध उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। अस्पताल परिसर को आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है, जहाँ स्वच्छता, सुरक्षा एवं रोगी सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है।

अस्पताल में 24 गुना 7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध रहेगी। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ एवं आधुनिक उपकरण निरंतर उपलब्ध रहेंगे। भर्ती मरीजों के लिए वातानुकूलित वार्ड, प्राइवेट एवं सेमी-प्राइवेट कक्ष की व्यवस्था की गई है। साथ ही मरीज के परिजनों के ठहरने हेतु समुचित एवं सुरक्षित सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। हाईजेनिक भोजन कक्ष की व्यवस्था अस्पताल परिसर में ही की गई है, जिससे रोगियों को संतुलित एवं स्वच्छ आहार मिल सके। अस्पताल में न्यूरो सर्जरी, शिशु रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, हड्डी रोग, जनरल सर्जरी, फिजियोथेरेपी तथा रेडियोलॉजी जैसे प्रमुख विभाग संचालित रहेंगे। बच्चों के लिए समर्पित आईसीयू, 20 बेड का अत्याधुनिक नवजात शिशु आईसीयू तथा 20 बेड का वयस्क आईसीयू की विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी। चार अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, डिजिटल एक्स-रे, एनसीयू एवं ईएमसी जैसी उन्नत सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी। इससे रोग की त्वरित एवं सटीक पहचान कर उपचार प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जा सकेगी। फिजियोथेरेपी, सायटिका एवं स्पाइनल डेकोम्प्रेशन ऑपरेशन मशीन, लकवा यूनिट स्थापित किया गया है, जो स्लिप डिस्क, सायटिका तथा रीढ़ की हड्डी में नस दबने जैसी समस्याओं के उपचार में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होगा। इसके अलावा अस्पताल में विभिन्न आधुनिक सुविधाएं मरीजों को प्रदान की जाएगी।

# एमपी नगर में अंगूठा लगाने वाले अनेक हितग्राही राशन से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आम लोगों को किफायती दर पर राशन, चना और शक्कर उपलब्ध करने के लिए सरकार के द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर काम किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में इस योजना को कुछ संचालकों ने मजाक बना कर रखा है। महाराणा प्रताप नगर के अटल आवास क्षेत्र में संचालित पीडीएस दुकान से हितग्राहियों को पिछले और मौजूदा महीने का राशन नहीं मिल सका है जबकि उन्होंने अपने अंगूठे का निशान लगा दिया है।

महाराणा प्रताप नगर वार्ड के अंतर्गत लोगों को सुविधाएं देने के लिए बीते वर्षों में सार्वजनिक उचित मूल्य की दुकानों का विकेंद्रीकरण किया गया। इसके अंतर्गत हितग्राहियों को अलग-अलग क्षेत्र में विभाजित किया गया ताकि उन्हें आसानी से सुविधा प्राप्त हो। जानकारी के अनुसार अटल आवास क्षेत्र में औपचारिक रूप से चलाई जा रही दुकान का संचालन पेपर में महिलाएं कर रही है लेकिन इसका वास्तविक संचालन भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड में काम करने वाला निलेन्द्र कुमार कर रहा है। पिछले कई महीनो से लगातार हितग्राहियों के द्वारा यहां को लेकर शिकायत की जा रही है कि दुकान समय पर नहीं खुलता है। इसके बंद होने का भी कोई समय नहीं है और ना हफ्ते के दिन तय है। इस मनमाने रवैया के चलते हितग्राहियों को अपना कीमती समय राशन पाने के लिए जाया करना पड़ता है।

# कनबेरी में संकुल स्तरीय विज्ञान मेला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विज्ञान मेला में उपस्थित छात्र छात्राएं व शिक्षकगण।

शाला स्तर पर आयोजित विज्ञान मेला प्रदर्शनी के उपरांत चयनित मॉडलों के साथ संकुल केंद्र कनबेरी में संकुल स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए चयनित मॉडलों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। सभी शालाओं की सहभागिता रही तथा ग्रामीणों और पालकों ने आयोजन की सराहना की। विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शत्रुघन सिंह कंवर, सरपंच, ग्राम पंचायत कनबेरी रहे। विशिष्ट अतिथि पुहुप सिंह कंवर, अध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति, प्राथमिक शाला कनबेरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम संकुल प्राचार्य दयाशंकर साहू एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक विनय सोनवानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रदर्शनी में प्राथमिक शाला चंद्रनगर, धनुहारपारा, कनबेरी, खैरभवना, पाली, पड़निया, सोनपुरी तथा माध्यमिक शाला कनबेरी एवं पड़निया के विद्यार्थियों द्वारा विविध विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों से मॉडलों के तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में विनय सोनवानी, पिंकी साहू, दीपक कुमार गबेल, पवन लाल जोशी, बिरेंद्र कुमार राठौर, संतोष कुमार साहू, जेएस परस्ते, मनमोहन सिंह मरकाम, अरुण कुमार साहू, अर्चना गुप्ता, सुतोपा सामंत, संजय पटेल, अमरदीप बघेल, रागिनी दिव्य, सुजीत जांगड़े, संतोष सिंह बोधा, कला बघेल, सुनीता सरवानी, ममता खुराना, संगीता सिंह, मिक्टोरिया टोप्पो, अनिल कुमार कैवर्त एवं अर्चना सिंह शामिल रहे।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**कोरबा।** आगामी 2 मार्च को होलिका दहन, 4 मार्च को होली पर्व तथा 21 मार्च को ईद-उल-फितर के त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 1 मार्च को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

***कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति कल्याण विभाग, रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली प्राक्चयन प्रवेश परीक्षा 1 मार्च को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जिले के 5 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय**
**कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं महेन्द्र सिंह पिता उमराम सिंह उम्र 62 वर्ष जाति कंवर निवासी खोडरी तहसील दीपका जिला कोरबा छ०ग० का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ-

01. यह कि, मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड में मेरा नाम प्रताप सिंह पिता राम सिंह आधार कार्ड क्रमांक 8654 4703 2798 है।

02. यह कि, प्रताप सिंह मेरा उपनाम है एवं मेरे नाम पर जारी मेरे पिता का नाम उमराम के स्थान पर राम सिंह अंकित हो गया है तथा मेरे नाम पर जारी वोटर कार्ड क्रमांक RBR0773218 मे मेरा नाम महेन्द्र सिंह पिता उमराम अंकित है।

03. यह कि, मेरा सही नाम अंग्रेजी में MAHENDRA SINGH S/O UMRAM SINGH है वही मेरा नाम पर दर्ज ऋण पुस्तिका एवं राजस्व अभिलेख में महेन्द्र सिंह पिता उमराम सिंह अंकित है।

04. यह कि, मेरे द्वारा अपने आधार कार्ड के नं. 8654 4703 2798 में मेरा गलत नाम हिन्दी में प्रताप सिंह पिता राम सिंह अंग्रेजी में PRATAP SINGH S/O RAM SINGH के स्थान पर परिवर्तित सही नाम महेन्द्र सिंह MAHENDRA SINGH S/O UMRAM SINGH अंकित करवाना चाहता हूँ ये दोनो नाम मेरा नाम है मेरा सही नाम आधार कार्ड में महेन्द्र सिंह पिता उमराम सिंह करवाना चाहता हूँ।

05. यह कि, मेरे द्वारा अपने कुल नाम बदलने हेतु दैनिक समाचार में सही नाम परिवर्तन हेतु ईश्तिहार प्रकाश हेतु मेरे द्वारा इस शपथ पत्र का निष्पादन किया गया है।

शपथकर्ता
महेन्द्र सिंह

# साडा कन्या विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय साडा में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा से संकुल प्राचार्य रणधीर सिंह ने विज्ञान चलित मॉडल प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना का विकास करना है। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान आधारित कार्यशील वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए, कक्षा आठवीं के बच्चों ने लेजर सुरक्षा प्रणाली, दुर्घटना सुरक्षा मॉडल, प्रकाश के अपवर्तन के सिद्धांत, बॉटल रॉकेट प्रदर्शित किए। कक्षा सातवीं की छात्राओं द्वारा वर्षा जल संरक्षण, वर्षा अलर्ट सिस्टम, न्यूटन डिस्क,कार्बन शुद्धिकरण यंत्र, खेतों में जानवरों से सुरक्षा सिस्टम, गणितीय ज्यामितीय आकारों के मॉडल, प्रोजेक्टर मशीन का वर्किंग मॉडल, होलोग्राम वर्किंग मॉडल का निर्माण किया।



# नाली में डाला अपशिष्ट, होटल संचालक पर लगा 5 हजार रुपए लगा अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र में लगातार स्वच्छता के महाअभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के चौथे दिवस शनिवार को वार्ड क्र. 2 पटेलपारा एवं वार्ड क्र. 3 साकेत नगर में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय इन वार्डो में पहुंचे तथा गली-गली का भ्रमण कर वृहद पैमाने पर किये जा रहे साफ-सफाई कार्यों का सघन निरीक्षण किया। उन्होने बस्ती की गलियों, नालियों आदि की सम्पूर्ण सफाई किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये तथा स्वच्छता कार्य के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट का स्थल से तुरंत उठाव व परिवहन करने को कहा।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा 25 फरवरी से स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जा रहा है। महाअभियान के चौथे दिन निर्धारित कार्यक्रमानुसार वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। चौथे दिन वार्ड क्र. 2 पटेलपारा एवं वार्ड क्र. 3 साकेत नगर के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, मुख्य व संपर्क सड़कों, नालियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर नाले एवं नालियों के ऊपर से स्लेब हटाकर उनकी सतह से सफाई, सड़क के किनारे जमी हुई धूल, मिट्टी, बर्म, झाड़ियों की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन, कीटनाशक दवाओं, ब्लीचिंग पाउण्डर का छिड़काव आदि के कार्य व्यापक पैमाने पर किये गये। डीडीएम रोड में एक होटल संचालक द्वारा किचन से निकले अपशिष्ट पदार्थों को नाली में डाल दिया जा रहा था, जिसके कारण गंदगी नाली जाम हो रही थी, इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पांडेय ने 5000 रुपये का अर्थदण्ड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, निगम अमले ने संबधित पर अर्थदण्ड लगाया, दुबारा ऐसा न करने व नाली में गंदगी न डालने की कड़ी हिदायत दी। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डो की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने वार्ड, बस्तियों में स्थित नालियों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों आदि की सम्पूर्ण सफाई करने, सी. एण्ड डी. वेस्ट, अतिक्रमण, अवैध कब्जा, दुकानों में डस्टबिन न रखने, गंदगी करने व कचरा फैलाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



होटल संचालक पर जुर्माने की कार्यवाही करते निगम आयुक्त एवं अन्य।

### घर-घर पहुंचे आयुक्त, स्वच्छता पर की लोगों से चर्चा


आयुक्त श्री पाण्डेय ने भ्रमण के दौरान वार्ड क्र. 2 पटेलपारा एवं वार्ड क्र. 3 साकेत नगर के गली, मोहल्लों, बस्तियों में पैदल भ्रमण कर वहाँ के रहवासियों से डोर-टू-डोर संपर्क किया, उनसे निगम द्वारा नियमित रूप से कराये जा रहे डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण व निगम के साफ-सफाई कार्यो की सघन रूप से जानकारी ली। सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट, पेयजल आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं पर उनसे चर्चा की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा तत्काल निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होने लोगों से पूछा कि उनकी गली व घर में कचरा लेने के लिये रिक्शा प्रतिदिन आता है या नहीं, उनके घरों में डस्टबिन है या नहीं तथा वार्ड, बस्तियों में नियमित सफाई के कार्य होते हैं या नहीं।

## निकिता ने एमए अंग्रेजी में अर्जित की प्रथम स्थान



**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के द्वारा बीते दिनों अंतिम सेमेस्टर के परिणाम घोषित किया गया जिसके तहत केएन कॉलेज में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन किया है। छात्रा निकिता सिंह राजपूत ने मास्टर आफ आर्ट्स अंग्रेजी में अव्वल स्थान दर्ज कर न केवल महाविद्यालय और विश्वविद्यालय बल्कि जिले का नाम रौशन की है। वहीं अटल बिहारी विश्वविद्यालय के द्वारा जारी मेरिट सूची में 7वां स्थान अर्जित की हैं। निकिता सिंह राजपूत समाजसेवी केसर सिंह राजपूत एवं श्रीमती आरती सिंह की सुपुत्री हैं।






## खबर संक्षेप

### मुड़ापार बस्ती में लगा गंदगी का अंबार

**कोरबा।** नगर निगम कोरबा स्वच्छता के क्षेत्र में नए कीर्तिमान करने की ओर अग्रसर है किंतु इसी नगर निगम का एक वार्ड के लोग गंदगी और बजबजाती नालियों से परेशान है। यहां के रहवासियों का कहना है कि यदि उन्हें राहत नहीं मिली तो वह उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। नगर निगम का वार्ड क्रमांक 19 मुड़ापार अपने सीने पर उन लोगों को बसाए हुए हैं जो निम्न वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। उनकी ही अधिकांश संख्या यहां निवासरत है। यहां के लोग जब घर से बाहर निकलते हैं तो कई गलियां ऐसी हैं जहां से निकलने के लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ती है। गंदे पानी से होकर उन्हें गुजरने के लिए विवस होना पड़ता है। यहां निवासरत लोगों ने बताया कि गलियां और नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं। यहां सफाई कर्मी तो आते हैं लेकिन सप्ताह में एक दिन सिर्फ रस्म अदायगी कर वापस लौट जाते हैं। पार्षद डॉ. गोपाल कुर्रे परेशान है। वे बताते हैं कि कोई रशीद खान नामक सफाई ठेकेदार है जो यहां दिखता ही नहीं उसके लोग यदा कदा आते हैं और घटा दो घंटा बिता कर वापस लौट जाते हैं।

### अत्यधिक शराब सेवन से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** अत्यधिक शराब सेवन की वजह से 43 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर बरेलीमुंडा की है यहां निवासरत दिलीप सिंह सीता रामस्वरूप राजमिस्त्री का काम करता था। शुक्रवार की सुबह से वह लगातार शराब का सेवन कर रहा था और वह शराब पीकर घर से निकला था। बताया जाता है कि गांव के समीप स्थित खेत में अचेत अवस्था में पड़ा हुआ मिला था। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे थे और दिलीप को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच के दौरान दिलीप की मौत अत्यधिक शराब सेवन की वजह से हुई है।

### विज्ञान दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत किए मॉडल



**गेवरा-दीपका।** राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल झाबर में विज्ञान दिवस पर विज्ञान मेला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अथिति झाबर संकुल के प्रभारी अजय सिंह एवं सीपीएस स्कूल के प्राचार्य एसआर अमित सर के उपस्थित मे कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विद्यालय के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान के क्षेत्र से सम्बंधित मॉडल तैयार कर उन्हे प्रदर्शित किये। मुख्य अतिथि अजय ने बताया कि डॉ सीवी रमन ने आज ही की दिन रमन प्रभाव की खोज किये थे इसके लिए उनको 1930 में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था उन्हीं के याद में आयोजन किया गया है। विज्ञान विषय की शिक्षिका aश्रीमती शिवानी और सरस्वती के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न मॉडल तैयार किये जैसे सोलर पैनल, स्मार्ट सिटीसोलर सिस्टमहाइड्रोलिक, लिफ्टविंडमिल, रेन वॉटर हार्वेस्टिंगऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रोजेक्ट्स इत्यादि शामिल हैं।

### एसईसीएल कर्मी धरखन सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई




**बांकीमोंगरा।** एसईसीएल सुराकछार 3/4 माइंस से धरखन कैवर्त सेवानिवृत्त होने पर माइंस परिसर में विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। समारोह में अधिकारियों ने उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि धरखन केवर्त जैसे कर्मठ कर्मचारी संस्था की पूंजी होते हैं। श्री कैवर्त 31 वर्षों तक सुराकछार 3/4 माइंस में कार्यरत थे।

### दोनों कालोनी के 3350 मकानों को मिलेगा लाभ

# उद्योग मंत्री ने दी एमपी व शिवाजीनगर में 14 करोड़ के अंडरग्राउंड सीवरेज लाइन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दोनों ही कॉलोनी आज शहर के मुख्य आवासीय कॉलोनी हैं लेकिन यहां की सीवरेज लाइन की समस्या विगत कुछ वर्षो से बदहाल थी। कॉलोनी की लंबे समय से नई सीवरेज लाइन के निर्माण की मांग थी। विधानसभा चुनाव में जब मुझे आप सभी के बीच संवाद कर आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला था तब आप सभी ने इस बहुप्रतीक्षित कार्य की मांग की थी। तब मैंने वादा किया था की नई सीवरेज लाइन का निर्माण हर हाल में किया जाएगा। आप सभी को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि इस बहुप्रतीक्षित कार्य को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने 15वें वित्त आयोग मद से तत्काल राशि की स्वीकृति प्रदान की और आज इस कार्य का शुभारम्भ किया जा रहा है।



भूमिपूजन के दौरान उद्योग मंत्री व महापौर का स्वागत करते वार्डवासी।

उक्त बातें कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 शिवाजी नगर एवं वार्ड क्रमांक 27 महाराणा प्रताप नगर कॉलोनी की बहुप्रतीक्षित नई सीवरेज लाइन निर्माण 14.40 करोड़ के कार्यों के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि दोनों ही कॉलोनी के 3350 मकानों की नई सीवरेज लाइन का लाभ मिलेगा। 14.4 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन का निर्माण होगा। सुशासन की सरकार एक ही पहचान है विकास और तेज विकास। ट्रिपल इंजन की सरकार में कोरबा नगर के विकास के लिए पर्याप्त राशि मिल रही है। उन्होने अधिकारियों से समयसीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ काम करने के निर्देश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि कोरबा नगर में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के नेतृत्व में कोरबा नगर निगम हर छोटी से बड़ी समस्याओ के निजात के लिए काम तेज गति से जारी है। विकास के लिए फंड लगातार प्राप्त हो रहा है। शहर को सुव्यवस्थित एवं सुसज्जितकरने की दिशा मे कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। इस अवसर पर दोनों ही वार्ड के क्षेत्रवासियों ने मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर सीमती संजू देवी राजपूत का महामाला से अभिनंदन कर आभार जताया। क्षेत्र वासियों ने कहा कि लंबे समय से इस कार्य की मांग की जा रही थी, फंड के अभाव में कार्य की स्वीकृति नही मिल पा रही थी। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती वर्षा दिनेश वैष्णव, अनुज जायसवाल, अशोक चावलानी, नरेंद्र देवांगन, पंकज देवांगन, अजय गौंड, श्रीमती ज्योति वर्मा, सोनू भाटिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, धर्मपाल सोलंकी, नितिन चतुर्वेदी, पुनीराम साहू, ईश्वर साहू, प्रकाश अग्रवाल सहित दोनों वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डामरीकरण कार्य की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं : झा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने शनिवार को क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए पुरेना एवं मढ़वाढोड़ा मार्ग पर चल रहे डामरीकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश दिए। श्रीमती सोनी विकास झा ने मौके पर उपस्थित ठेकेदार से सड़क की मोटाई और डामर के मिश्रण की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों का निर्माण मानक स्तर के अनुरूप ही होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पुरेना और मढ़वाढोड़ा मार्ग क्षेत्र की व्यस्त मार्ग है। इस मार्ग के बन जाने से स्थानीय निवासियों को धूल और गड्ढों से मुक्ति मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। श्रीमती झा ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि राहगीरों को अधिक समय तक परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि नगर की विकास करना हमारी प्राथमिकता है। बांकीमोंगरा नगर पालिका के हर वार्ड और मार्ग को दुरुस्त करना हमारा लक्ष्य है। निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण के दौरान भाजयुमो छत्तीसगढ़ पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, पार्षद व पीआईसी मेंबर प्रमोद सोना, प्रकाश झा, नकुल पटेल, देव राजपूत, अनूपम दास भी उपस्थित थे।

# स्टॉफ की उपस्थिति के साथ स्वास्थ्य केंद्र समय पर हो संचालितः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, मलेरिया, कुष्ठ, सिकलसेल स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, एचआरपी (उच्च जोखिम गर्भवती), मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार कल्याण, एनसीडी, एनक्यूएएस, आरबीएसके, एनआरसी तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की जांच और उपचार समय पर सुनिश्चित हों, अस्पताल समय पर खुलें तथा सभी चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज हो।

टीबी नियंत्रण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने संदिग्ध मरीजों की जांच और उपचार में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जांच किट की कमी होने पर शासन को तत्काल पत्र भेजने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। सैंपल लेकर समय पर नोटिफिकेशन जारी करने तथा डीबीटी भुगतान के मामलों में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। एक्स-रे जांच की संख्या कम होने पर कलेक्टर ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए वनरेबल आबादी की शत-प्रतिशत एक्स-रे जांच सुनिश्चित करने और अप्रैल माह के अंत तक एक्स-रे जांच में 20 प्रतिशत वृद्धि करने के निर्देश दिए।



मातृ स्वास्थ्य समीक्षा में एएनसी में पंजीकरण के बाद संस्थागत प्रसव में अंतर तथा एचआई एमएस पोर्टल में एंट्री कम होने पर कलेक्टर ने नाराज़गी व्यक्त की और तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए। नियमित टीकाकरण की समीक्षा में यू-विन पोर्टल में कम एंट्री पर कलेक्टर ने संबंधित बीएमओ और बीपीएम को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

एनआरसी की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि एनआरसी में शत-प्रतिशत ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित हो तथा भर्ती हितग्राहियों को समय पर भुगतान दिया जाए। मातृ एवं शिशु मृत्यु के मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर रहते हुए त्वरित उपचार सुनिश्चित करे, ताकि ऐसे मामलों पर पूर्णतः रोक लगाई जा सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्री-बर्थ वेटिंग रूम स्थापित करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने नोडल अधिकारी नियुक्त करने और उनके मोबाइल नंबर सार्वजनिक करने को कहा। प्रधानमंत्री राहत दुर्घटना सहायता राशि और नए भवनों को एनक्यूएएस प्रमाणन के लिए तैयार करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

# फल और सब्जी से हुए रंग तैयार, फ्लेवर्ड गुलाल बच्चों की खुशियां करेगा दोगुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बदलते वक्त के साथ अब होली त्यौहार भी बदलता जा रहा है। होली में अब केमिकल रंगों की जगह हर्बल कलर ने ले ली है। लोगों ने अब बदलते जमाने के साथ खुद को बदलने का फैसला किया है। इसके लिए हर कोई अब होली सुरक्षित तरीके से मनाना चाहता है। मध्यमवर्गीय परिवार के लोग भी ऐसे रंगों से होली खेलना चाहते हैं, जिनसे किसी तरह का कोई नुकसान न हो। इसी सोच को साकार करने का बीड़ा महिला स्व सहायता समूहों ने उठाया है।

वनांचल क्षेत्र पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड की महिला समूह ने हर्बल कलर का उत्पादन शुरु किया है। महिला समूह ने इसके लिए कंपनी बनाई है। जिसका नाम बुका महिला फार्मा प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड है। इस कंपनी के माध्यम से महिलाएं 10 से 20 टन गुलाल तैयार कर रही हैं। कंपनी में 10 हजार महिलाएं जुड़ी हुई हैं जबकि कुछ महिला शेयर होल्डर हैं। अन्य समूह के महिलाएं भी समिति से जुड़कर गुलाल का निर्माण कर रही हैं। महिलाएं हर्बल कलर तैयार करने के लिए सब्जी और फलों का इस्तेमाल कर रही हैं। महिला समूह ने बच्चों के लिए गुलाल में फ्लेवर भी ऐड किए हैं। जिससे यदि गुलाल गलती से बच्चों के मुंह में चला जाए तो उनका स्वास्थ्य ना बिगड़े। पूर्व में अलग-अलग महिला समूह गुलाल का निर्माण करते थे। इस बार संगठित तौर पर कंपनी के जरिए गुलाल का निर्माण हो रहा है। जिले के पांचों विकासखंड से आर्डर मिले हैं। ढाई टन ऑर्डर की आपूर्ति की जा चुकी है जबकि कई टन ऑर्डर की आपूर्ति करने का काम बचा है। होली के पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा। एक ही स्थान पर संगठित तौर पर गुलाल का निर्माण करने से अधिक गुलाल का निर्माण हो रहा है। ठोस मार्केटिंग स्ट्रैटेजिक के जरिए गुलाल मार्केट में भी आसानी से सुलभ हो रहा है। महिलाओं के इस हर्बल गुलाल को खासा पसंद किया जा रहा है। हर्बल गुलाल काफी लोकप्रिय हुआ है। ऐसे में बुका महिला फार्मा प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़ी महिलाएं होली से पहले ज्यादा से ज्यादा हर्बल गुलाल को तैयार कर रही हैं।


फल और सब्जी से रंग तैयार करते समूह की महिलाएं।

#### फल और सब्जी से हुए रंग तैयार

महिलाओं को आजीविका से जोड़ा संगवारी महिला समूह की सदस्य जीविका किस्पोट्टा कहती हैं कि हम हल्दी, चुकंदर और पालक जैसे खाने वाले खाद्य पदार्थों से गुलाल का निर्माण कर रहे हैं। जिस फल का जो रंग है उससे वह रंग लेते हुए हम हर्बल गुलाब का निर्माण कर रहे हैं। सबसे जरूरी बात यह है कि महिलाओं को आजीविका से जोड़ा गया है। अधिकारियों का भी सपोर्ट है। हमारे हर्बल गुलाल से किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। यह पूरी तरह से हर्बल युक्त गुलाल है।

# पीडीएस दुकान संचालक के रवैया से परेशान वार्डवासियों ने पार्षद के नेतृत्व किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

कुदरीपारा वार्ड क्र. 15 हेतु 2 नम्बर बस्ती में संचालित राशन सोसाइटी के संचालक द्वारा मनमानी ढंग से दुकान संचालन करने पर नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद बाँकीमोंगरा एवं पार्षद मधुसूदन दास के नेतृत्व में किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय आज़ाद, पार्षद संदीप डहरिया के उपस्थिति में मुख्य मार्ग में चक्काजाम किया गया है। लगभग यह 2-3 घंटे के लंबी जाम के बाद तहसीलदार, खाद्यय अधिकारी एव थाना प्रभारी के मौजूदगी में सभी माँगों पर उचित कार्यवाही के एवं सोसाइटी संचालक को समझाईस देने के बाद चक्काजाम को समाप्त किया गया। इस दौरान पार्षद मधुसूदन दास ने बताया की यह कई वर्षों से चला आ रही समस्या है सोसाइटी संचालक द्वारा दुर्व्यवहार, समान देने में पक्षपात होता आ रहा है घनी आबादी वाला क्षेत्र है कुदरीपारा वार्ड जहाँ काफी मात्रा में राशन कार्ड धारी है उनके लिए सोसाइटी का संचालन कुदरीपारा में ही शासन को व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे स्लम बस्ती के अनुसार ही वितरण किया जा सके। वहीं सोसाइटी संचालक का कहना है आरोप निराधार है पिछले महीने से शासन से सही तरीके से राशन नहीं पहुँचने के कारण इस तरीके की बाते हो रही है इससे पहले को दिकत नहीं आई राशन सही समय पर एवं एक साथ नहीं आने के कारण लोगों को तकलीफ हुई है।


चक्काजाम करते आक्रोशित वार्डवासी।

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह फरवरी 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 28 दिन | 5.00 | 140.00 |
| 28 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह फरवरी 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मार्च 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# लाख पालन से कटघोरा वन मंडल के किसान हो रहे मालामाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल में किसानों द्वारा लगातार लाख पालन किया जा रहा है और लाख पालन कर किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं और मालामाल भी हो रहे हैं। लघु वनोपज सहकारी समिति जटगा रावा, लाफा सहित आसपास के गांव में बसने वाले सौ से अधिक किसानों ने कुसुम व बेर में लाख पालन किया है और लगभग 17 लाख रुपए ब्रिकी की जा चुकी है।

लाख से प्राप्त राल के हानि रहित गुणों के कारण इसका महत्व रासायनिक यौगिकों के रालों से अधिक है। लाख कीटों द्वारा उत्पादित रॉल से लाख एवं इसके अतिरिक्त मोम और सुन्दर लाल रंग सह उत्पाद के प्राप्त होते हैं, जिनका व्यावसायिक महत्व है। आज न केवल लाख सज्जा के लिए उपयोगी है, अपितु इसका उपयोग औषधि, खाद्य पदार्थ, विद्युत सामग्री निर्माण, सूक्ष्म रसायन एवं सुगंध उद्योग में भी किया जाता है। लाख के कीट कुछ विशेष पोषक वृक्षों एवं पौधों पर पाले जाते हैं तथा ये पोषक पादप के रस चूसकर अपना भोजन प्राप्त करते हैं। विश्व में लाख कीटों की अनेक जातियाँ पायी जाती है, वन मण्डल कटघोरा के कार्यक्षेत्र कटघोरा, एतमानगर एवं पाली परिक्षेत्र के अन्तर्गत लाख पालन हेतु उपयुक्त वृक्ष कुसुम प्रचुर मात्रा में विद्यमान है। वर्तमान वर्ष में लाख पालन परियोजना अंतर्गत मुख्य वन संरक्षक एवं प्रबंध संचालक जिला युनियन कटघोरा कुमार निंशात के दिये गये निर्देश के तहत हाथी प्रभावित क्षेत्र प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति बंधापारा के ग्राम पाथा एवं छिंदमेर के 25 कृषकों के कुल 56 कुसुम एवं बेर वृक्ष में कुल 2.00 क्विंटल कुसुमी बीहन लाख संचरण किया गया है। जिससे लगभग 16 क्विंटल लाख उत्पादन होने कि संभावना है। लाख कृषकों द्वारा उक्त लाख विक्रय करने पर लगभग राशि 17 लाख रूपये आय अर्जित होगा।


लाख पालन का प्रशिक्षण लेते किसान।







जीवेत शरदः शतम्
श्री जयसिंह अग्रवाल जी
पूर्व मंत्री, छग शासन (1 मार्च)
श्रीमती रेणु अग्रवाल जी
पूर्व महापौर, कोरबा (4 मार्च)
आप दोनों को
जन्मदिन
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
आपको जीवन में वो सब कुछ हासिल हो जिसकी आप कामना करते हैं
होली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
होली उत्सव समारोह में आप सादर आमंत्रित हैं
दिनांक- 04 मार्च 2026, बुधवार, स्थान : स्वर्ण सिटी दर्री रोड,
अग्रसेन कॉलेज के पास, कोरबा, समय : प्रातः 8:00 बजे से


दीपक बैज जी
डॉ. चरण दास महंत जी
श्रीमती ज्योत्सना महंत जी
॥ जीवेत् शरदः शतम्॥
श्री जयसिंह अग्रवाल जी
पूर्व राजस्व, आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, पंजीयन एवं स्टाम्प कैबिनेट मंत्री (छ.ग.शासन)
(1 मार्च 2026)
एवं
श्रीमती रेणु अग्रवाल जी
पूर्व महापौर-नगर पालिक निगम, कोरबा
(4 मार्च 2026)
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकाममनाएं...
जीवेत् शरदः शतम्
विकास सिंह
सचिव
प्रदेश कांग्रेस कमेटी (छत्तीसगढ़)
फहीम खान
फ़रीद खान
महामंत्री
जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण)
राज जायसवाल
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद कटघोरा
शेख इजाज
मनीष आदित्य
लविन्दर सिंह धनजल
शेख रिजवान
मोनू खान
सौजन्यः कमर इंटरप्राइजेस, कटघोरा


॥ जीवेत् शरदः शतम्॥
दीपक बैज जी
डॉ. चरण दास महंत जी
श्रीमती ज्योत्सना महंत जी
मा. जयसिंह भैया
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएँ...
फ़रीद खान
पूर्व महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) कटघोरा
सौजन्य :- कव्वाल ट्रांसपोर्ट, कटघोरा